## अमरवाड़ा की सभा में कांग्रेस के विरोध में गरजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ नहीं, सब गड़बड़ है : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



अमरवाड़ा विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही क्षेत्र में चुनावी रंग दिखने लगा है इसी के चलते आज प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की चुनावी जनसभा सिंगोड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम मोहन यादव ने क्षेत्र की जनता को इतने भारी संख्या में उपस्थित होने को लेकर कुंभ के मेले का दर्जा दे दिया साथ ही हजारों की संख्या में उपस्थित जनता जनार्दन का अभिवादन करते हुए उन्हें प्रणाम किया सीएम मोहन यादव ने अपने वक्तव्य में अमरवाड़ा विधानसभा के उप चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी राजा कुंवर कमलेश प्रताप शाह को भारी वोटो से विजय बनाने के लिए उपस्थित जन समुदाय से अपील की।

इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लेते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर भी खूब निशाना साधा आखिर कांग्रेस ने छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा में क्या विकास किए बताओ कांग्रेस ने आज तक सिंगोड़ी में कॉलेज नही बनवाया न ही उपतहसील बनवाया और न तो नगर परिषद बनवाया यहा तो सब गोपाल कन्हैया की बस्ती है साथ ही भाजपा सरकार की अनेक योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जनता को बतलाया तो वही कांग्रेस की नाकामी को जनता के समक्ष रखा। इस अवसर पर भाजपा के अनेक नेताओ ने मंच से अपनी अपनी बात रखी एवं भाजपा उम्मीदवार राजा कमलेश शाह को विजयी बनाने का आह्वाहन जनता से किया मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार ने जनसभा मे पहुंचे सभी कार्यकर्ता और ग्राम वासियों का आभार माना और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

इस अवसर अमरवाड़ा उपचुनाव प्रभारी संपत्तियां उईके विवेक बंटी साहू सांसद भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव नगर निगम महापौर विक्रम अहाके उत्तम ठाकुर मोनिका बट्टी टीकाराम चंद्रवंशी सिंगोड़ी मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार योगेश यादव डॉ उमेश शर्मा परसादी पटेल बंटी परिहार रोहित पोपली अंकित जैन आदित्य पटेल अनमोल बत्रा सहित अनेक कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहेहवाई पट्टी पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम मोहन यादव ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है उपचुनाव का दौर है लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी जीत भारी बहुमतों से हासिल की थी और जैसा मैंने पहले कहा था अभी भी कह रहा हूं छिंदवाड़ा के लिए कांग्रेसी कहते थे कि यह कांग्रेस का गड़ है बल्कि यहां सब गड़बड़ है और जिस प्रकार एक-एक विधानसभा बीजेपी जीत कर आई सिंगोड़ी मंडल के अंतर्गत आज मैं यहां आया हूं। यहां पर बड़े पैमाने पर हमारे ग्रामीण बनवासी सामान्य जन सब मिलकर के एक बार फिर विकास के साथ चलना चाहते हैं। और उपचुनाव मैं जिस प्रकार से भाजपा पर विश्वास किया जा रहा है हर एक कोई चाहता है चुनाव में जिस प्रकार लोगो ने भाजपा पर विश्वास किया है मैं गारंटी से कह सकता हूं कि भाजपा के प्रत्यासी कमलेश शाह को भारी बहुमत से विजय बनाएंगे विकास के मामले में प्रदेश और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ेगी और निश्चित ही जीतेंगे।सीएम मोहन यादव ने पूर्व जनपद सदस्य कैलाश साहू के घर किया भोजनआज सिंगोड़ी में चुनावी जनसभा संबोधित करने के पश्चात सीएम मोहन यादव सहित अन्य विधायक मंत्री अमरवाड़ा जनपद पंचायत के पूर्व सदस्य एवं सिंगोड़ी के पूर्व सरपंच कैलाश रेखा साहू के घर पहुंचे जहां पर उनका आतिथ्य सत्कार परिवार जनों के द्वारा किया गया इस अवसर पर सीएम मोहन यादव ने उनके घरों में भोजन का स्वाद चखा और भोजन करने के पश्चात सभी परिवारजनों को साधुवाद धन्यवाद दिया।

## खबर संक्षेप

### यूनाइटेड फोरम पेंशनर्स की बैठक आज

**छिंदवाड़ा।** यूनाइटेड फोरम फार पावर एम्पलाई एंड इंजीनियर यूनाइटेड फोरम पेंशनर प्रकोष्ठ की मीटिंग रविवार 30 जून को श्रम कल्याण केंद्र परासिया नाका छिंदवाड़ा में छिंदवाड़ा में रविवार श्याम 4:00 बजे यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाइज एंड इंजीनियर एवं यूनाइटेड फोरम पेंशनर्स प्रकोष्ठ छिंदवाड़ा शाखा की कार्यकारिणी की प्रथम बैठक स्थानीय श्रम कल्याण केंद्र 66 के.व्ही.सब स्टेशन परिसर पुराना परासिया नाका छिंदवाड़ा में आयोजित की गई है इस महत्वपूर्ण बैठक में यूनाइटेड फोरम के संयोजक श्री वी. के. एस. परिहार साहब द्वारा अनुमोदित जिला कार्यकारिणी के सदस्यों का परिचय कराया जाएगा साथ ही यूनाइटेड फोरम एवं यूनाइटेड फोरम पेंशन प्रकोष्ठ के भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी से सभी को अवगत कराया जाएगा साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। यूनाइटेड फोरम फॉर एम्पलाई एंड इंजीनियर के प्रतिनिधि जिसमें आरके सोनी जिला संयोजक यूनाइटेड फोरम ,डीके नागरकर अध्यक्ष यूनाइटेड फोरम पेंशनर्स प्रकोष्ठ , कृष्ण उत्तम सिंह राजपूत , अध्यक्ष यूनाइटेड फोरम , राजेश नेमा , संतोष शर्मा , नरेंद्र सोंधिया, जेपी त्रिपाठी ,राजेश राउत, श्याम राजस, इत्यादि ने सभी सदस्यों से मीटिंग में समय पर आने का निवेदन किया है।

### आज टाउन 04 फीडर में बिजली रहेगी बंद

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी.लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रखरखाव कार्य के लिये 30 जून रविवार को टाउन-04 फीडर के क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 30 जून 2024 रविवार को टाउन-04 फीडर के अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परमानंद अस्पताल, 96 क्वाटर, आईटीआई, फॉरेस्ट कॉलोनी, खान कॉलोनी क्षेत्र प्रभावित होंगे।

### जिले में अभी तक 149.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 149.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 217.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 29 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 3.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 29 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 0.8, अमरवाड़ा में 26.2, चौरई में 2, परासिया में 3, जुन्नारदेव में 2.2 और उमरेठ में 0.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 140.5, मोहखेड़ में 45.6, तामिया में 205, अमरवाड़ा में 233, चौरई में 107.6, हर्रई में 78.4, बिछुआ में 216.6, परासिया में 119.2, जुन्नारदेव में 142, चांद में 216.8 और उमरेठ में 140.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## सांसद ने किया होम्योपैथिक सेमिनार का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आज होटल करण में नैशनल होम्योपैथिक साइंटिफिक सेमिनार जिले के सांसद विवेक बंटी साहू जी तथा उनके साथ-साथ नेशनल होम्योपैथी काउंसिल के चेयरपर्सन डॉ अनिल खुराना सर तथा सेक्रेटरी डॉ संजय गुप्ता सर द्वारा शुभारंभ हुआ। आज के कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों में भोपाल से पधारे नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मिश्रा सर तथा रजिस्ट्रर डॉ आयशा अली मैडम कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु उपस्थित रहे । दीप प्रज्वलन के पश्चात स्वागत भाषण में assos-siation के डाक्टर्स ने सभी अतिथियों का स्वागत किया , डॉ शिप्रा गुप्ता ने सभी आए हुए अतिथियों को मंच पर आसीन होने के लिए निवेदन किया ।डॉ सपना साहू मैडम ने स्वागत किया एवं उनसे होम्योपैथिक को और आगे बढ़ाने की अपील की।

स्वागत भाषण के पश्चात बंटी साहू जी ने अपना उद्बोधन दिया तथा हमारे नवेगांव में चिन्हित भविष्य में बनने वाले होम्योपैथी कॉलेज के शुभारंभ हेतु पुष्टि की । सभी अतिथियों को Momento, तथा छीद की माला ,शाल श्रीफल देकर उनका स्वागत किया गया। ऐसे होम्योपैथिक डॉ जिनका योगदान इस फील्ड को अनेक वर्षों से मिल रहा है। डॉ जेएस राय सर , डॉ दिलीप खरे डॉ संगीता घोष मैडम, डा पशीने, डा गजभिए, डा हरजानी, डा सुजीत रघुवंशी, डा अजू मौर्य, डा तिजारे ,डा उमेश कडवे, डा खाडेकर, डा गिरीश, डा बडगैया, डा विदया आलोनकर, डा आशीष माहोरे, डा सोनी, डा शोभित जैन, डा मिथलेश, डा रवि धामने, डा राजेश कौरव, डा हरि ओम कौरव, डा राजू सिंह का सम्मान भी हुआ।

डॉ अनिल खुराना सर मे होम्योपैथी की फील्ड में हो रहे नए रिसर्च के बारे में अवगत कराया ततपश्चात डॉ अंशुल चडडा जो हड्डी रोग विशेषज्ञ है उन्होंने हड्डी के डिफॉरमेटी को बहुत सरल तरीके से स्लाइड द्वारा समझाया।इस सेमिनार में मुख्य वक्ता श्री श्यामल किशोर सर,(MD,Homoeo Organon) सर जो गुजरात से हमारे बीच आए है।

### तहसील कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में रोजगार शिविर 1 जुलाई को

**छिन्दवाड़ा।** जिला परियोजना प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सुश्री रेखा अहिरवार ने बताया कि रोजगार शिविर केरियर साथी (कार्ड) संस्थान छिंदवाड़ा द्वारा 3 कंपनियों का रोजगार शिविर 01 जुलाई को तहसील कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया है।

उन्होंने बताया कि अहमदाबाद गुजरात में सानन्द में स्थित मदर्सन सुमि प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा 6000 रिक्त पदों में न्यूनतम 10वीं व आईटीआई पास पुरूष जिनकी उम्र 18 से 26 वर्ष व महिला जिनकी उम्र 18 से 27 वर्ष के आवेदकों के लिये ऑपरेटर, असंबेली, क्वालिटी, प्रोडक्शन के पद पर 13000 से 21497 रूपये वेतनमान पर नियुक्त किया जायेगा। इच्छुक आवेदक 10वीं पास की मार्कशीट, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, कलर फोटो पासपोर्ट साईज, फोटो कॉपी एवं मूल कॉपी साथ में लेकर आयें। कंपनी से हॉस्टल तक आने-जाने की सुविधा रहेगी।

### आकांक्षा योजना से कराई जायेगी जनजातीय विद्यार्थियों को जेईई, नीट और क्लैट की तैयारी

**छिन्दवाड़ा।** जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश के जनजातीय विद्यार्थियों की उच्च शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से फ्री कोचिंग प्रदान करेगा। विभाग ने जनजातीय विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं लॉ की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं जेईई, नीट और क्लैट की तैयारी करवाने के लिये 'आकांक्षा योजना' बनाई है। जनजातीय विद्यार्थी इन प्रतियोगी परिक्षाओं में अपने शासकीय शिक्षकों की मदद लेकर स्वयं तैयारी कर विशेष स्थान प्राप्त कर रहे हैं। आकांक्षा योजना में 10वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे जाते हैं। आवेदक विद्यार्थियों का कोचिंग संस्था द्वारा ली गई प्रवेश परीक्षा में मिले प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट पर वांछित कोचिंग के लिए चयन किया जाता है। प्रदेश के 800 जनजातीय विद्यार्थी पाएंगे निशुल्क कोचिंग-आकांक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राज्य स्तर पर प्रवेश परीक्षा से 400 विद्यार्थियों का चयन जेईई के लिए किया जाएगा। जेईई की कोचिंग भोपाल, नीट की कोचिंग इंदौर में एवं क्लैट की कोचिंग के लिए जबलपुर को चुना गया है, इनमें 200-200 विद्यार्थियों को चुना जाएगा।

### पेसा ग्राम सभा के माध्यम से पारंपरिक तरीके हुआ मामलें का निपटारा

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के निर्देशन में पेसा ब्लॉकों में गठित ग्रामसभाओं में पेसा जिला समन्वयक श्री कमलेश टेकाम के मार्गदर्शन में पेसा एक्ट नियम के अनुसार गांव के पारंपरिक तरीके से ही छोटे-मोटे मामले जैसे आपसी विवाद, घरेलु विवाद व जमीनी विवाद आदि सभी मामलों का निपटारा ग्राम सभा के माध्यम से ही किया जा रहा है। विकासखंड जुन्नारदेव के ग्राम पंचायत डोडासेमर में दो भाईयों के बीच जमीन विवाद को लेकर पेसा एक्ट के तहत बैठक ली गई। जिसमें श्री मेशराम धुर्वे और श्री मेशलाल धुर्वे के बीच जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में मेशलाल धुर्वे ने थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। यह मामला पेसा एक्ट ग्राम सभा के पास आया। ग्राम सभा अध्यक्ष के द्वारा ग्राम सभा बुलवाकर दोनों पक्षों को सुना गया और जिसकी गलती थी उसको समझाया गया और दोबारा ऐसी गलती ना हो इस प्रकार से चेतावनी दी गई । दोबारा गलती करने पर ग्राम सभा के द्वारा आर्थिक अर्थ दंड रखा जाएगा ऐसा निर्णय सर्व समिति से लिया गया और बगैर किसी दबाव के आपसी समझौता करवाया गया। समझौते का प्रस्ताव थाने में देकर एफआईआर की कॉपी वापस ले ली गई। दोनों के बीच किसी भी प्रकार का मनमुटाव ना हो इसके लिए आपसी भाईचारा के लिए दोनों ने हाथ मिलाकर गले मिले और हमेशा साथ में अच्छे से रहने के लिए ग्राम सभा को आश्वासन दिया । इस ग्राम सभा में ग्राम सभा अध्यक्ष श्री हरदयाल कुमरे, उपाध्यक्ष सुश्री सरस्वती धुर्वे, पेसा मोबिलाइजर सुश्री शशिकला मर्सकोले व सभी ग्राम सभा के सदस्य उपस्थित थे ।

### सौंसर में कार्रवाई को लेकर सीईओ को सौंपा ज्ञापन



**सौंसर।** शुक्रवार को जनपद पंचायत सौसर के अंतर्गत आने वाले उपयत्रियों के द्वाराउपयंत्री जायसवाल नायक जनपद पंचायत सागर के विरूद्ध की गई मारपीट करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर सौसर जनपद पंचायत सीईओ कोज्ञापन सोपा गया। मिली जानकारी के अनुसार म.प्र. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अभियंता संघ के आव्हान पर समस्त ग्रामीण यांत्रिकी विकास अभियंताओंके द्वारा विरोध प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की जा रही है। सौसर में भी ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की गई है।ज्ञापन सौपने वालो में उपयंत्री संजय अनेराव अमित बिनाकिया,कार्तिक पाटिल,नितिन तंतुवाइ,नवीन बिसेन, टीपी घोड़मारे,हितेश हिरकने गजेंद्र बागडे,शरद निकोसे,सुधीर असाटी, मुबीन अहमद आदि थे।

## सांसद के हस्ते दिया गया पहला चैक बाउंस, संज्ञान के बाद खाते में आई राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



राज्यसभा सांसद डा. एल. मुरुगन की अनुसंशा पर जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग जिला छिन्दवाडा के पत्र क्रमांक 4069 दिनांक 15/03/2024 के परिपालन में गरीब विधवा बेसहारा महिला श्रीमती मंजू पति स्व. श्री नरसिंह यदुवंशी को पांच हजार रुपए का चैक क्रमांक 583145 दिनांक 07/06/2024 को जारी किया गया था जिसे नवनिर्वाचित सांसद महोदय श्री विवेक बंटी साहूजी द्वारा 19 जून को हितग्राही को प्रदान किया गया था।

हितग्राही श्रीमती मंजू यदुवंशी ने तत्काल उसे अपने एक्सिस बैंक के बचत खाते में जमा कर दी थी एक्सिस बैंक ने उसे क्लियर करने बैंक आफ बड़ौदा भेजा, बैक आफ बड़ौदा के अधिकारियों ने आपत्ति क्रमांक 70 लगाकर चैक हितग्राही को वापस कर दिया, जबकि आर बी आई के 2021 के निर्देश अनुसार पांच लाख से अधिक राशि के चैक जारी करने पर चैक जारी करने वाले को बैंक को इसकी सूचना भी देना जरूरी किया गया है इसलिए यहां यह स्थिति भी नही है ।

चैक वापस होने का वास्तविक कारण विधवा महिला को कोई नही बता पा रहा इसलिए इसकी शिकायत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राहंगडालेजी से की तथा शिकायत की कापी नवनिर्वाचित सांसद श्री विवेक बंटी साहूजी को तथा कलेक्टर श्री शीलेन्द्रसिंहजी से किया , कलेक्टर श्री शीलेंद्रसिंह जी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए तत्काल भुगतान करवाने एवम् कार्यवाही करने का आश्वासन दिए । शिकायत कर्ता श्री झांझरी ने बताया कि बैंको द्वारा लगातार लापरवाही की जा रही है। मामला प्रकाश में आने के बाद संबंधित बैंक के मैनेजर के द्वारा हितग्राही के खाते में राशि का ट्रांसफर कर दी गई है।

### इंदिरा गांधी क्रिकेट स्टेडियम छिंदवाड़ा में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आज इंदिरा गांधी क्रिकेट स्टेडियम छिंदवाडा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर ने बताया कि हमारा पर्यावरण असंतुलित हो गया है जिस कारण ऋतुओं में परिवर्तन हो रहा है, जिसका दुष्प्रभाव मानव जीवन पर पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण वृक्षों की अंधाधुध कटाई है। हम सबको अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाना चाहिए। श्री ठाकुर ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाई गई। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पंच-ज अभियान के तहत इंदिरा गांधी क्रिकेट स्टेडियम छिदवाड़ा ने जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री ठाकुर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिदवाड़ा श्री शिवमोहर सिंह, व्यवहार चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड छिदवाड़ा श्री मेहताब सिंह बघेल, जिला विधिक सहायता अधिकारी छिदवाडा श्री विजय खोब्रागडे, चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सतीशराज श्रीवास, असिस्टेंट चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल श्री देवकरण ठाकरे, जिला खेलकूद अधिकारी छिदवाड़ा श्री आर.आर. नागले, श्री राहुल तिवारी, श्री राहुल अग्रवाल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्रीमती शबनम शुक्ला, अधिवक्ता श्री हिमेश शुक्ला, सभी खेल प्रशिक्षकगण एवं खेल ग्राउंड में उपस्थित खिलाड़ियों ने 155 पौधों का रोपण किया।

## नया बस स्टैंड दमुआ अपनी किस्मत पर बहा रहा आंसू

### अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को रास नहीं आ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

नगर पालिका परिषद दमुआ के वार्ड नं. 17 एवं 13 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद दमुआ द्वारा नया बस स्टेण्ड बनाया जा रहा है नया बस स्टेण्ड का निर्माण कार्य लगभग 8-10 वर्ष पूर्व से चल रहा है परन्तु आज दिनांक तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है नया बस स्टेण्ड दमुआ आज भी अपनी दुर्दषा एवं किस्मत पर आसू बहा रहा है कहने को तो जनप्रतिनिधि ऐसा बोलते है कि जनता की सुविधाओं के लिये हम बहुत कुछ कर दिखाते है मगर जनता जनमानस और आने-जाने वाले यात्रियों को अभी तक सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है नया बस स्टेण्ड का कायाकल्प अभी तक नहीं हो पाया है जबकि भाजपा नित परिषद के कार्यकाल से नया बस स्टेण्ड का कार्य निर्माण चल रहा है और कांग्रेस की नित परिषद का कार्यकाल भी पूर्ण हो चुका है फिर भी आज के परिस्थितियों में भाजपा की नित परिषद दमुआ नगर पालिका में काबिज है। फिर भी नया बस स्टेण्ड का निर्माण कार्य आधा-अधूरा हीं पड़ा हुआ है। सुविधाहीन नया बस स्टेण्ड दमुआ विकास निर्माण कार्य की बात जोह रहा है नया बस स्टेण्ड दमुआ में बनाया गया कम्प्लैक्स भवन में लगभग 30 दुकाने बनी हुई है। जिसमें अभी भी बहुत सा कुछ काम जैसे रंग रोगन, लिपाई पुताई, बिजली फिटिंग, सौन्दरीकरण, गेट, बाउंड्री वॉल, जैसे अनेको कार्य आज भी बाकी पड़े हुये है। नया बस स्टेण्ड दिन दयाल चैक, इन्दिरा चैक जैसे ऐरिया क्षेत्र में अभी भी कई विकास निर्माण कार्य होना बाकी है। और आस पास के क्षेत्र जगहों में कुछ लोगों के द्वारा सरकारी भूमि में अपनी दुकान लगाकर कब्जा कर लिया गया है।

### श्रीमती वंदना आवारी का सेवानिवृत्ति पर किया स्वागत सत्कार

**सौंसर।** नागपुर मार्ग विदाई समारोह का आयोजन किया गया इस दौरान शिक्षक गणों ने विदाई समारोह कार्यक्रम में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति परश्रीमती वंदना अन्नाराव आवरी कास्वागत सत्कार कर उपहार भेंट किये।मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती वंदना आवरी सहायक शिक्षक के हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लि गई थी।इस दौरान शिक्षा विभाग के द्वारा श्रीमती आवरी के सेवानिवृत्ति लेने पर विदाई समारोह का आयोजन करते हुए उनका स्वागत स्वागत करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजन के दौरान शिक्षक को नाम श्रीमती आवरी के द्वारा संस्था में बीते हुए समय की यादों को भी ताज किया। श्रीमती आवरी के द्वारा शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों के मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान दिनेश होलकर,विलास कारेमोरे,मिलिद बंसोड़ रामभाऊ बोबडे प्रवीण गुरव,पुरुषोत्तम ठाकरे,आदि थे।



### जिला शिक्षा अधिकारी ने मेघासिवनी और जम्होड़ी लकड़ाई शाला का किया निरीक्षण

## स्कूल की समस्याओं को सुनकर निराकरण करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल ने आज विकासखंड छिंदवाड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघासिवनी का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण में सभी शिक्षक उपस्थित पाये गये एवं छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं थी। शाला संस्था में फर्नीचर अस्त-व्यस्त पाये गये जिसे व्यवस्थित करने के लिये निर्देशित किया गया। ग्रामवासियों से शाला संचालन एवं विगत परीक्षाफल के संबंध में असंतुष्टी पाई गई, जिसे सुधार करने के निर्देश दिये गये। ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा की गई शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने ध्यानपूर्वक समस्या को सुनकर तुरन्त निराकरण किया। ग्रामीणजनों द्वारा शाला के विकास में अपना सहयोग देने का अश्वासन दिया गया एवं विद्यार्थी के हित में कार्य करने सभी से सहयोग की अपेक्षा शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा की गई। इसके उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने शासकीय माध्यमिक शाला जम्होड़ी लकड़ाई एवं प्राथमिक शाला जम्होड़ी लकड़ाई का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण में सभी संस्थाओं में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये। प्राथमिक शाला जम्होड़ी लकड़ाई में मध्यान्ह भोजन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में सहायक संचालक डी.पी.डेहरिया व संकुल प्राचार्य श्री आर.एस.बघेल भी उपस्थिति थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आगामी समय में सघन निरीक्षण किये जायेंगे यदि कोई शिक्षक व शाला में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो वेतन रोकने की कार्यवाही की जायेगी। सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं शाला समय से पूर्व उपस्थित रहे।

### तामिया के 3 भृत्य, 2 प्राथमिक शिक्षक एवं 1 सहायक अध्यापक को नोटिस

**छिन्दवाड़ा।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाडा सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा गत दिवस कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाडा का प्रातः 10 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था में प्राचार्य सहित 31 व्याख्याता, शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित नहीं पाये गये, जिसके लिये सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम द्वारा इन सभी को विलंब से उपस्थित होने के कारण उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये संबंधितों को जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं ।उन्होंने घटलिंगा आश्रम के भृत्य अनवर शाह भारती, शनिलाल भारती एवं भृत्य दिनेश भारती द्वारा अधीक्षक के साथ अभद्र व्यवहार करने, आश्रम में कार्य न करने एवं अनुपस्थित रहने के कारण नोटिस जारी किया । इसी प्रकार विकासखंड तामिया की शासकीय प्राथमिक शाला छिंदी के प्राथमिक शिक्षक श्री कंचन शाह पचरिया को कार्य के प्रति लापरवाही के कारण, शासकीय प्राथमिक शाला आंजनगांव की प्राथमिक शिक्षिका कुमारी सुरभि मिश्रा को 24 जून 2024 को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा शासकीय प्राथमिक शाला हर्राकछार के सहायक अध्यापक श्री दिनेश इनवाती को नोटिस जारी किया गया था कि शाला में अनुपस्थित रहते हैं परंतु नोटिस का जबाब न देने के कारण डीई प्रारंभ की गई।

## नगर पालिका प्रशासन का इस ओर नहीं है ध्यान

# शौचालय टूटने से आमजन को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



तामिया आटो स्टैंड पर स्थित सार्वजनिक शौचालय टूट गया । जिससे आमजन के लिए परेशानी खड़ी हो गई है । रखरखाव की उपेक्षा के चलते शौचालय जर्जर हो गया था ।परासिया थाने के समीप ऑटो स्टैंड पर यात्रियों और अन्य लोगों के लिए नपा के द्वारा वर्षों पहले सार्वजनिक शौचालय बनाया गया था । जिसकी दीवार ढह गई ।

अब यहां आने वाले लोगों के लिए शौच की समस्या खड़ी हो गई है । पहले से ही इस शौचालय के नियमित रखरखाव और साफ सफाई नहीं होने से आसपास मौजूद व्यापारी लोग , बस टैक्सी और ऑटो से आने वाले यात्री सारे लोगों को परेशानी उठाना पड़ती थी । इसके जीर्णोद्धार और साफ - सफाई के लिए कई बार व्यापारियों के द्वारा नगर पालिका प्रशासन से गुहार लगाई गई , लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया । इस मामले में नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने नगरीय प्रशासन पर घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है । उनका कहना है , कि नगर में और भी जगह सार्वजनिक शौचालय बने हैं , सभी लापरवाही की भेंट चढ़ रहे हैं । नगर पालिका प्रशासन शौचालय की उचित व्यवस्था बनाने , पहले से बने शौचालयों को साफ - सुथरा रखने को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है । उन्होंने ऑटो स्टैंड पर तत्काल शौचालय निर्माण करने की मांग रखी है।

## संगीतमय सुन्दरकांड का महापाठ, लगातार कर रहे कई वर्षों से धर्म का प्रचार

**छिंदवाड़ा**। श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर निःशुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है साथ सामाजिक कार्य भी किये जाते है और ग्रुप द्वारा राम नाप जाप धुन प्रभात फेरी द्वारा भी लोगो को धर्म से जोडा जाता है साथ ही ग्रुप ने रामनवमी में ऐतिहासिक रामजन्मोत्सव एवं नगर सहित संपूर्ण जिले के आसपास के साथ साथ सम्पूर्ण प्रदेश में भी अपनी एक अलग ही पहचान बनायी है । इसी क्रम में ग्रुप द्वारा श्री अभय गड़करी जी (गड़करी म्यूजिकल) के निजनिवास गुप्ता जी का बाड़ा, गणेश चौक छिंदवाड़ा में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का महापाठ किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,प्रदीप भारती,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,रिंकू ढोलक मास्टर,उमेश वंशकार, जित्तू यादव,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,राहुल बातरे,दिलीप चौधरी,पप्पू वंदेवार,दुर्गेश चंदेल,गौरव-सौरव मर्सकोले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,राम कुमार (लवली) साहू,विजय(अक्कू) वर्मा,आयुष वर्मा,चंचलेश मालवीय,नरेश वंशकार,एवं गड़करी परिवार सहित सभी वार्ड वासी उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि यूट्यूब में ग्रुप के चैनल में भी लाइव प्रसारण देख सकते है ग्रुप द्वारा कई वर्षों से धर्म का प्रचार.प्रसार किया जा रहा है साथ ही सभी को जोड़ा जा रहा हैं।

## आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने भी दिया ज्ञापन सीएम ने दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

ग्राम सिंगोड़ी में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से आज अमरवाड़ा ब्लाक के सैकड़ो अतिथि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं हेलीपैड ग्राउंड पर मिले और अपनी मांगों का एक ज्ञापन पत्र उन्हें सौपा एवं अपनी समस्याओं को भी बतलाया इस अवसर पर हेलीपैड ग्राउंड पर सीएम मोहन यादव से अतिथियों ने सार्थक चर्चा की वही उन्होंने अतिथि शिक्षको के हितार्थ हेतु जल्द ही व्यवस्था करने की बात अतिथि शिक्षको से की। इस अवसर पर छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष कहार,ब्लाक अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, जिला मीडिया प्रभारी योगेश चौरसिया, चौरई ब्लाक अध्यक्ष सत्येंद्र शुक्ला , परासिया से रामनारायण कहार , दीपिका चौरिया , सहित अनेक अतिथि शिक्षक एवं शिक्षिकाए प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## राम शांति स्कूल में हुआ छात्रसंघ चुनाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

कल स्थानीय रामशांति विद्या मंदिर में छात्रसंघ चुनाव कराया गया। अपने संवैधानिक मताधिकार एवं कर्तव्यों का निर्वहन किस प्रकार किया जाए, इस बारे में प्रक्रिया के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। विद्यालय में छात्रसंघ चुनाव हेतु पिछले कुछ दिनों से इस चुनाव की तैयारी चल रही थी। छात्रसंघ चुनाव के लिए उम्मीदवार प्रतिभागियों द्वारा बढ़ - चढ़कर प्रचार-प्रसार कर विद्यार्थियों से वोट की अपील की गई। शाला के हेड ब्वॉय एवं हेडगर्ल कक्षा बारहवीं से तथा डिप्यूटी हेडबॉय एवं हेडगर्ल हेतु कक्षा 10 वीं से प्रतिभागी उम्मीदवार खड़े हुए। साथ ही हाऊस कैप्टन्स के लिए भी चुनाव प्रक्रिया कराई गई। सभी विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए बड़े ही उत्साह के साथ मतदान किया। इस चुनाव प्रक्रिया द्वारा भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली किस प्रकार कार्यरत है, इसका प्रत्यक्ष दर्शन कराया गया। सर्वप्रथम शाला प्राचार्या श्रीमती चारू गुलाटी द्वारा मतदान कर प्रक्रिया को आरंभ किया गया। इसके बाद शाला मैनेजर रोहित धवले, को-ऑर्डिनेटर्स, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने क्रमशः मतदान किया। सभी मतदाताओं में मतदान के समय हर्षोल्लास एवं उत्सुकता का माहौल बना रहा।

## तेली समाज संगठन ने सांसद बंटी साहू को दिया आमंत्रण



**पांढुर्ना** । तेली समाज संगठन पांढुर्ना के प्रमुख पदाधिकारियों एवं अनेक सदस्यां ने गत दिवस छिंदवाडा में नवनिर्वाचित सांसद बंटी उर्फ विवेक साहू से भेंट कर उन्हें पांढुर्ना में समाज संगठन के समारोह में सादर आमंत्रित किया। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में टेकडी वार्ड स्थित समाज भवन मे नवनिर्माण किया जा रहा है। यहां ऐसा सभागृह बनाया जा रहा है जहां बडे बडे समारोह संपन्न कराया जा सके। इसके साथ ही इस भवन में सत जगनाडे महाराज की प्रतिमा स्थापित कर उसका अनावरण किया जाना है। सभागृह का भूमिपूजन एवं प्रतिमा का अनावरण करने के लिए तेली समाज संगठन ने सांसद बंटी साहू को सादर आमंत्रण दिया है।

## राज्य स्तर ग्रेपलिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



जिला स्पोर्ट्स ग्रेपलिंग एसोसिएशन के सचिव अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी/कोच योगेश रुखमांगद ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्पोर्ट्स ग्रेपलिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 2 दिवसीय जिला ग्रेपलिंग चैंपियनशिप का सफलता पूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला ग्रेपलिंग संघ के उपाध्यक्ष वतन उपाध्याय, राजोरिया स्टील प्लांट के संचालक नितिन राजोरिया,पार्षद महोदय संजय जैन,दीप्ति कांता साहू, ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अंकित द्विवेदी,आर्मी यूनिट के अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी सैनिक नितेश राठौर,अंतरराष्ट्रीय कराते खिलाड़ी आदित्य आम्रवंशी,आई मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष निलेश शुक्ला(डिंकल दादा)उपस्थित रहे। जिनका राष्ट्रीय स्तरीय पदक विजेता खिलाड़ियों के द्वारा भारतीय संस्कृति परंपरा के अनुसार तिलक,बैच, पुष्पगुछ देकर स्वागत,अभिनंदन किया गया। इस जिला स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में लगभग 75 बालक/ बालिका खिलाड़ियों ने अलग-अलग आयु एवं वजन वर्ग में भाग लिया। जिसमें 29 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक,20 ने रजत पदक एवं 5 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इन सभी विजेता खिलाड़ियों को समस्त मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र,मेडल,ट्रॉफी,देकर सम्मानित किया गया। एवं प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों ने आगामी राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस समापन अवसर पर खेल युवक कल्याण विभाग की समन्वयक एवं आई मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के द्वारा आयोजित समर कैंप का भी भव्य रूप से समापन किया गया इस अवसर पर जुन्नारदेव ब्लॉक की कोऑर्डिनेटर विभा तारण अकादमी की कोषाध्यक्ष सरिता रुखमांगद कोच हेमा कहार मैं खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर आशीर्वाद प्रदान किया उपस्थित रहे।

## ज्ञानार्जन प्रोजेक्ट के तहत संचालित कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा आज

**मण्डला**। मण्डला जिले के विद्यार्थियों को जेईई तथा नीट की परीक्षा की तैयारी कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट ज्ञानार्जन संचालित किया जा रहा है। प्रोजेक्ट ज्ञानार्जन के माध्यम से जेईई तथा नीट की परीक्षाओं की तैयारी के लिए संचालित होने वाली कक्षाओं में शामिल होने के लिए 29 जून को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई है। यह प्रवेश परीक्षा उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में होगी। जेईई कोचिंग के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में गणित संकाय से कक्षा बारहवी में अध्ययनरत तथा कक्षा बारहवी उत्तीर्ण विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। इसी प्रकार नीट कोचिंग के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में बायोलॉजी संकाय से कक्षा बारहवी में अध्ययनरत तथा कक्षा बारहवी उत्तीर्ण विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थी उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला में अपना पंजीयन करा सकते हैं अथवा परीक्षा दिनांक 29 जून को 11:30 बजे तक अपनी उपस्थिति देते हुए सहभागिता कर सकते हैं।

## सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का 29 जून को मण्डला आगमन

**मण्डला**। मण्डला सांसद पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते 29 जून को नारायणगंज में आयोजित मतदाताओं के आभार कार्यक्रम में शामिल होंगे दोपहर 2 बजे बकोरी मण्डल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। शाम 4 बजे मण्डला नगर के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर शाम 7 बजे गृह ग्राम जेवरा के लिए प्रस्थान करेंगे। 30 जून को प्रातः 11 बजे भाजपा ग्रामीण मण्डल मण्डला के द्वारा आयोजित एक वृक्ष माँ के नाम कार्यक्रम के तहत ग्राम मानादेई पहुंचेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगे कार्यक्रम उपरांत दोपहर 2 बजे मण्डला से जबलपुर प्रस्थान कर शाम 4 बजे हवाई जहाज से दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

## कलेक्टर ने की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

# नामांकन, उपस्थिति गुणवत्ता पर करें फोकस

*** मध्यान्ह भोजन में मेन्यु का पालन हो।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि स्कूल चलें हम अभियान के तहत प्रत्येक घर तक पहुंच करते हुए शाला जाने योग्य सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें। पालकों से संपर्क करते हुए विद्यार्थियों की शालाओं में शतप्रतिशत उपस्थिति का प्रयास करें। सहायक शैक्षिक सामग्रियों का उपयोग करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता पर फोकस करें।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी शालाओं में बेहतर वातावरण तैयार करते हुए उत्साहपूर्वक नवीन शिक्षा सत्र का संचालन करें। शालाओं की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। 15 जुलाई तक पुस्तकों का वितरण पूर्ण करें। वितरित की गई पुस्तकों की ऑनलाईन एंट्री करें। उन्होंने गणवेश, साईकिल तथा छात्रवृत्ति वितरण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता तथा मेन्यू का पालन करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में प्रभारी सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग क्षमा सराफ, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### दीवारों पर अंकित करें सर्वे की जानकारी

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रत्येक घरों में संपर्क करें तथा शाला जाने योग्य बच्चों का स्कूलों में प्रवेश दिलाने की कार्यवाही करें। सर्वे के दौरान प्रत्येक घरों की दीवार पर सर्वे क्रमांक तथा अन्य जानकारियाँ अंकित करें। जिला तथा विकासखंड स्तर के अधिकारी भी रेंडम आधार पर सर्वे कार्य की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ियों से भी संपर्क करते हुए 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का संबंधित स्कूल में दाखिला सुनिश्चित करें।

### कोई भी बच्चा नहीं छूटे

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि कक्षा 5 उत्तीर्ण विद्यार्थियों का कक्षा 6 में, कक्षा 8 उत्तीर्ण विद्यार्थियों का कक्षा 9 में तथा कक्षा 10 उत्तीर्ण करे विद्यार्थियों का कक्षा 11 में प्रवेश सुनिश्चित कराएं। संबंधित संस्था प्रमुख अपनी पोषक शालाओं से संपर्क करते हुए पास हुए सभी विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश दिलाएं। कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। इस संबंध में उन्होंने चाईल्डवाईज ट्रेकिंग करने के निर्देश दिए।

### गलतियों से सबक लेते हुए सुधार करें

कक्षा दसवी तथा बारहवी में कमजोर परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बीते वर्ष हुई गलतियों से सीख लेते हुए भविष्य में बेहतर करने का प्रयास करें। विद्यार्थीवार कठिन अवधारणाओं का चिन्हांकन करते हुए निदानात्मक कार्यवाही करें। टेस्ट परीक्षाओं के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास जाग्रत करें। उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षकों के चयन में पारदर्शिता रखें। संतोषजनक परीक्षा परिणाम नहीं देने वाले अतिथि शिक्षकों की सेवाएं इस वर्ष नहीं लें।

### प्रोजेक्ट ज्ञानार्जन से जुड़ने विद्यार्थियों को प्रेरित करें

कलेक्टर ने कहा कि प्रोजेक्ट ज्ञानार्जन के माध्यम से जिले की विद्यार्थियों को नीट तथा जेइई की परीक्षा की निःशुल्क तैयारी कराई जाती है। सभी संबंधित प्राचार्य अपनी संस्था के विद्यार्थियों को पात्रतानुसार इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने शिक्षकों का आव्हान किया कि वे भी प्रोजेक्ट ज्ञानार्जन में एक शिक्षक के रूप में अपनी सहभागिता कर सकते हैं। उन्होंने प्रोजेक्ट ज्ञानार्जन के तहत संचालित कक्षाओं में प्रदाय की जाने वाली सुविधाओं के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।



## कलेक्टर ने बेस प्लान्टर विधि से मक्का बुआई का अवलोकन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मक्का मण्डला जिले की प्रमुख फसल है। जिले में कृषि विभाग के अमले के द्वारा किसानों को बेस प्लान्टर विधि से मक्का की बुआई करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ग्राम नेवसा निवासी जागेश्वर राजपूत अपने खेत में मक्का की बुआई कर रहा है जिससे वह मक्का उत्पादन कर सफल किसान बन सके। गुरूवार को कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ग्राम नेवसा पहुंचकर मक्का बुआई का निरीक्षण किया। उन्होंने किसान जागेश्वर राजपूत को उच्च किस्म के मक्के के बीज की बुआई करने के निर्देश दिए। जिससे मक्के की फसल का उत्पादन बढ़ सके। उन्होंने बताया कि शासन मक्का फसल का समर्थन मूल्य देती है। बाजार में भी मक्का की बहुत मांग है, किसान मक्के को बाजार में बेचकर भी मुनाफा कमा सकता है। उन्होंने इस अवसर पर किसानों को व्यापारिक फसल की पैदावार करने के निर्देश दिए, जिसके तहत किसान अपने खेतों की पड़त भूमि में फलदार पौधे को लगाकर मुनाफा कमा सकते हैं। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मक्का बुआई पद्धति से आसपास के किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिससे गांव के किसान भी मक्का की बुआई कर मुनाफा कमा सके। उन्होंने किसानों से चक्रीय क्रम में फसल बदलकर खेती करने की बात कही, जिससे खेतों में भूमि का उपजाऊपन बना रहे। उन्होंने किसानों को सब्जी का उत्पादन करने के निर्देश दिए। जिससे किसानों को बाजार में बिक रही सब्जी के दामों का लाभ मिल सके। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने इसी प्रकार की ग्राम डोंगरा में जाकर बसंत कुमार के खेत में एसआरआई विधि से धान रोपाई का अवलोकन किया।

# क्यों समझाना पड़ रहा है राजस्व अधिकारियों को बार-बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में कहा कि राजस्व अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें। कार्य की प्रकृति के आधार पर प्राथमिकताएं तय करें। शासन के प्राथमिकता प्राप्त कार्यों के निर्वहन के साथ-साथ नियमित कार्यों पर भी पर्याप्त ध्यान दें। उन प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें जो अधिक समय से लम्बित हैं। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे सहित समस्त एसडीएम सहित संबंधित उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 6 माह से अधिक नामांतरण के प्रकरण लम्बित न रहें तथा एक जुलाई से नामांतरण के लिए विशेष अभियान चलाएं। साथ ही उन्होंने अंजनिया, मवई, बिछिया में नामांतरण के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। सीमांकन की समीक्षा के दौरान समस्त प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। अधिक समय से लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें। उन्होंने सीमांकन का कार्य शीघ्र ही गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व न्यायालय में 1 जुलाई से नए प्रावधानों के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। राजस्व न्यायालय द्वारा जारी आदेशों का क्षेत्र में पालन सुनिश्चित कराने को कहा। राजस्व न्यायालय नैनपुर को आगामी बैठक में टॉप 5 में आने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित होने वाले मृतक किसानों के नाम हटाने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में बटवारा, नामांतरण, सीमांकन, स्वामित्व योजना, धारणाधिकार, न्यायालयीन प्रकरण, अतिक्रमण हटाने के संबंध में, भूमि आवंटन तथा साइबर तहसील, भू-अर्जन, सीएम हेल्पलाईन, प्रथम त्रैमासिक वसूली/दाण्डिक प्रकरण आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।पिछले काफी समय से लगातार कलेक्टर मण्डला द्वारा राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें लंबित मामलों के निपटारे के निर्देश दिये जा रहे हैं राजस्व के प्रत्येक प्रकरणों के लिये समय-सीमा भी निर्धारित की गई है बावजूद इसके ऐसे बहुत से मामले हैं जो वर्षो से लंबित पड़े हैं और जिन पर राजस्व विभाग द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई।

## खबर संक्षेप

### महामाया मंदिर में बैठक आज



हरिभूमि न्यूज सिवनी। उपनगरीय भैरोगंज स्थित माता महामाया मंदिर में बैठक का आयोजन आज 30 जून दिन रविवार को शाम 6 बजे किया गया हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र सोनकेशरिया,उपाध्यक्ष रमनलाल यादव ने बताया कि बैठक में मंदिर समिति के पंजीयन के साथ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। मंदिर के सेवादार गोलू सेन ने समिति के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों व क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक सं या में बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया है ।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक मन की बात कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज सिवनी। लोकसभा आचार संहिता के कारण स्थागित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक कार्यक्रम मन की बात रविवार को पुनः प्रारंभ होगा । नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने के पश्चात मन की बात का पहला कार्यक्रम 30 जून रविवार को सुबह 11:00 बजे संपन्न होगा।

# डूण्डासिवनी पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त कर आरोपियों के विरूध्द की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**थाना डूण्डासिवनी पुलिस टीम के द्वारा ग्राम बाम्हनदेही के जंगल से आरोपियों से भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त कर आरोपियो के विरूध्द की गई कार्यवाही। थाना प्रभारी डूंडासिवनी किशोर वामनकर के नेतृत्व में अवैध रूप से शराब निर्माण कर विक्रय करने वाले आरोपियों की पतारसी के दौरान थाना डूंडासिवनी में दिनांक 28/06/2024 को मुखबिर सूचना पर ग्राम बाम्हनदेही के जंगल बडजूनापानी नाला के किनारे पहुंचकर दबिश दी गई।**

दो व्यक्ति भट्टी चढाकर हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब को डिब्बो में भरते हुए मिले मौके पर पकडे गये आरोपियो अंकेश काकोडिया पिता अशोक काकोडिया उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बाम्हनदेही थाना डूंडासिवनी एवं रामप्रसाद वरकडे पिता दम्मूलाल वरकडे उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम छिडिया पलारी थाना डूंडासिवनी के संयुक्त कब्जे से 04 प्लास्टिक के 15- 15 लीटर वाले डिब्बे जिनमें कुल 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ की शराब कीमति 6000/- रुपये को जप्त किया गया है। आरोपी अंकेश काकोडिया व रामप्रसाद वरकडे के व्दारा भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब का निर्माण कर बेचने के उद्देश्य से कब्जे में रखना पाये जाने से आरोपियों के विरूध्द अपराध क्रमांक 271/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर उक्त दोनो आरोपियो को ज्यूडीशियल रिमांड पर भेजा गया है। जमि (1) 04 प्लास्टिक के 15-15 लीटर वाले डिब्बे जिनमें कुल 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ की शराब कीमति 6000 ।

### आसमानी बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

सिवनी। बरघाट थाना अंतर्गत खारी गांव के पास गुरुवार शाम के समय आसमानी बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार खारी गांव निवासी रिजवान पिता इस्माइल खान उम्र 45 वर्ष ईंट बनाने का काम करता है। जो शाम के समय ईंट भट्टा गया था। जब वह वापस लौट रहा था। तो बारिश के साथ आसमान में बिजली कड़की। इसी दौरान उस पर आसमानी बिजली गिर गई। घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और108 वाहन में दी। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में सिविल बरघाट अस्पताल लाया गया। यहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# प्रतिबंध अवधि में मोंहगांव बाजार से जब्त की 20 किग्रा मछली

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में अवैधानिक मत्स्याखेट पर नियंत्रण हेतु गठित दल के द्वारा बंद ऋतु में साप्ताहित हाट बाजारों का सतत निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गठित दल के द्वारा मोहगांव हाट बाजार, विकासखंड बरघाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मोहगांव साप्ताहिक हाट बाजार से कुल 20 किलो मछली जब्त कर नीलामी की कार्यवाही की गयी। मछली की नीलामी से प्राप्त राशि रु. 1100 शासन कोष जमा की जायेगी। इस कार्यवाही में उप संचालक मत्स्योद्योग के.एल. मरावी सहायक मत्स्य अधिकारी मुकुंदराव बंसोड़कर, होमगार्ड सैनिक अरुण उइके, दिनेश मेहरा मत्स्य जमादार एवं पिकेश गभने का योगदान रहा।

# 14 मोटर सायकल के साथ चोर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा जिले मे हो रही चोरियो के संबंध में कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था। उक्त आदेश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी एवं एसडीओपी लखनादौन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए थाना छपारा पुलिस ने पंकज पटेल निवासी मढी थाना आदेगाँव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपने अन्य साथी अभिषेक भलावी, गोविन्द परते, लक्ष्मण पटेल, राजा पटेल एवं सत्यम के साथ थाना छपारा, बंडोल, आदेगाँव, अमरवाडा जिला छिन्दवाडा एवं नैनपुर जिला मण्डला से कुल 14 मोटर सायकिले चोरी करना कबूल किये। उपरोक्त आरोपियो से कुल 14 मोटर सायकल जप्त कर गिरफ्तार किया गया है।

# श्री महावीर व्यायाम शाला के खिलाडी दक्ष का शासकीय खेलकूद विद्यालय में चयन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले की गौरवमय संस्था श्री महावीर व्यायाम शाला सुभाष वार्ड सिवनी के ख़लिाडी संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रतिवर्ष राज्य एवं रास्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेते है साथ ही पदक जीत कर संस्था ही नही वल्कि पूरे सिवनी जिले का नाम रोशन करते है । साथ ही संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त स्वयंसेवक पुलिस, आर्मी के साथ साथ अन्य छेत्रो में प्रतिवर्ष चयनित होते है ।इसी क्रम में संस्था के खिलाडी दक्ष चंद्रवंशी जो कि संस्था के उपसंचालक सोहन लाल सेन (सचिव जिला बॉक्सिंग संघ सिवनी ) के प्रशिक्षण से तैयार होकर विगत वर्षो से राज्य एवं राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग ले रहा था । का चयन सीहोर स्थित शासकीय खेलकूद विद्यालय के लिए चयनित हुआ है । ज्ञातव्य है कि रास्ट्रीय ख़लिाडी दक्ष चंद्रवंशी ने ग्वालियर में आयोजित राज्य वुशु स्तरीय स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर रास्ट्रीय वुशु स्पर्धा रांची के लिये चयनित होकर भाग लिया था साथ ही जबलपुर में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग स्पर्धा में भी पदक प्राप्त किया था । साथ ही खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एम.पी. बॉक्सिंग स्पर्धा भोपाल में कांस्य पदक जीत कर छात्रवृत्ति प्राप्त की थी । इन्होंने सीहोर के शासकीय खेलकूद विद्यालय की चयन प्रक्रिया में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। दक्ष चंद्रवंशी को श्री महावीर व्यायमशाला में चयनित होने पर संस्था के पदाधिकारियों ने समान्नित किया। जिसमे संस्था अध्यक्ष प्रसन्न चंद मालू संचालक धीरज पाल, चंचल आहूजा,रामायण सिंह सनोडिया, संस्था उपसंचालक अंकित मिश्रा, सोहनलाल सेन , आशीष यादव, उमेश उइके, चिद्दिलाल श्रीवास,अभिषेक सोनी ,आशीष यादव, अवनी चौरसिया, आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे ।

# तहसील सिवनी अंतर्गत 29 अवैध कालोनी चिन्हांकित

**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 तथा कालोनी विकास नियम 2014 के नियमों, म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973, म.प्र.भू.रा.सं. 1959 में विहित प्रावधानों का उल्लघंन कर अवैध कालोनी का निर्माण किये जाने की जानकारी के आधार पर तहसील सिवनी के ग्रामीण क्षेत्रों की 29 अवैध कालोनियां चिन्हांकित की गई है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिनके भूमि स्वामी अथवा विक्रेता क्रमशः निम्नानुसार है- ग्राम गोपालगंज अंतर्गत आने वाले सुयश पिता राजेश कुमार जैन, लता पति विनोद अग्रवाल, मो. युसुफ पिता मो.ईशाक खान, रूनझुन पिता शशांक पाटिल, शशांक पाटिल पिता नोहर पाटिल, आभा जैन आलोक जैन, नफीसुद्दीन पिता निशानुद्दीन।
इसी तरह ग्राम बींझावाड़ा सिवनी अंतर्गत विनोद खुशानी पिता सेवनदास खुशानी, ब्रिजेश चौहान, दिनेश चौहान, पिता पन्नालाल चौहान, सुशीला, बोनेन्द्रसिंह, घनश्यामसिंह, भावेश, गौरांग, छत्रपाल प्रकाशबाई नीरज बगैरा,चंद्रकला मालू पिता अनिलचंद मालू, दीपक पिता मंगलसिंह बागरी, सोमदत्त जावरे पिता गणेश प्रसाद, महागणेश पिता मोहन प्रखर जावरे मनेशलाल, सुमनलता जैन पति आलोक जैन, जितेंद्र पिता लक्ष्मीप्रसाद चौरसिया, सपना पिता संजू श्रवास्तव, ज्योति शर्मा पिता सुनील शर्मा, नेहा श्रीमाली पति नीलेश श्रीमाली, रामप्रसाद पिता हुल्कर राजपूत इसी तरह ग्राम डोरलीछतरपुर सिवनी में मो. अशफाक पिता मो. अली एवं ग्राम बम्होड़ी सिवनी में दीपक तोमर पिता शिवकुमार सिंह तोमर दीपक शुक्ला पित रामेश्वर शुक्ला, ग्राम खैरी में श्रद्धा अग्रवाल पति प्रवीण अग्रवाल, साजिद खान पिता अब्दुल हक खान, ग्राम बोरदई में इनफनर्रहीम खान केयर आफ वसीम खान, ग्राम बम्होड़ी विष्णु वल्द छब्बीलाल विश्वकर्मा, ग्राम बंडोल में राकेश सोनी पिता मुकेश कुमार सोनी, ग्राम खैरी में दीपक शर्मा पिता रज्जू शर्मा, राधेश्याम पिता फुलसिंह जंघेला, दुर्गाप्रसाद पिता खेमचंद, ग्राम कान्हींवाड़ा में मुस्तफा खान, सुभाष पिता गेंदलाल, तथा ग्राम सीलादेही में किरण अग्रवाल पिता आशीष अग्रवाल चिन्हांकित की गई।
उन्होंने आम जनों से अपील की है कि वे प्लाटों एवं भूखंडों के क्रय-विक्रय करने के पहले कार्यालय तहसीलदार सिवनी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी जाकर अवलोकन करने के बाद ही प्लाटों का क्रय-विक्रय करें ताकि शासन के नियमों के अनुसार उन्हें आवश्यक मूलभूत सुविधाऐं प्राप्त हो सके। उक्त 29 कालोनियों की सूची तहसील कार्यालय में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर तैयार की गई है। तहसीलदार सिवनी के द्वारा इसके अतिरिक्त भी अवैध कालोनियों की जांच की जा रही है।

### कृषक महिलाओं को क्षमता उन्नयन हेतु दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के वरिष्ट वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में ग्राम पिपरिया (आष्टा) बरघाट के कृषक महिलाओं के क्षमता उन्नयन एवं कठिन परिश्रम को कम करने हेतु प्रक्षेत्र परिक्षण सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमे ग्राम के आठ स्वसहायता समूह की लगभग चालीस महिलाओं ने भाग लिया, प्रशिक्षण के दौरान खाद्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉ जी के राणा ने हस्तचलित महुआ बीज (गुल्ली) छिलक यंत्र के बारे में विस्तार से बताया।

### घनश्याम ठाकुर हुऐ पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज पांडिया छपाया । सरेखाकला निवासी 70 वर्षीय श्री घनश्याम ठाकुर का कल रात्रि में नौ बजे देहान्त हो गया इनके दो पुत्र हैं श्री हरवंश ठाकुर बड़े जो सायकल स्टोर्स एवं कृषि का काम करते हैं। छोटे अखिलेश ठाकुर भुतपुर्व सरपंच एवं वर्तमान में उगली भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री है । इनकी अन्तिम यात्रा आज एक बजे इनके घर से निकाली गयी जिसमें पुर्व विधायक राकेशपाल संजय उइके आनन्दभगत सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इनकी अन्त्येष्टी हिर्री संगम नदी के किनारे की गयी। सभी लोगों ने मृत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट मौन धारण कर पूर्थना की।

# ग्राम पंचायत गंगई रैयत के ग्रामवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

हरिभूमि न्यूज छपारा। छपारा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गंगई रैयत में आये दिन विवाद की स्थिति बन रही है, मूलभूत सुविधाओं से वचित ग्रामवासी सडक, नाली जैसे विषयों में हर वार्डों में परेशानी का आलम है। ग्रामीणों ने कई आवेदन ग्राम पंचायत में दिये, इसके बाद भी आज तक इनकी सुनवाई नहीं हो पायी, इसका मूल कारण है सचिव शिवानी सिगोतिया मुख्यालय में नहीं रहती। उनका निवास छपारा में है। 15 दिन में एक बार वो गगई रैयत पंचायत आती है और अभी बरसात के समय हर वार्डों में समस्या का अंबार लगा हुआ है, कुछ ग्रामीणों के घर नाली का पानी घुस रहा है तो कुछ ग्रामीणों के घर के सामने कीचड़ और खब्बन से परेशान है और कुछ घरों के सामने गढ्ढों में पानी भरा हुआ है।
इस बात की जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जागरूक नागरिकों ने केके रैकवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दूरभाष पर विस्तृत जानकारी दी। उनका कहना है कि इस मामले को मैं दिखवा लेता हू और नियम अनुसार कार्यवाही की जायेगी। मगर सवाल यह उठ रहा है कि रोजमर्रा के कागजी कार्यवाही के काम अनेकों प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत गगई रैयत से छात्र-छात्राओं को लगते रहते है और कभी समग्र आईडी में नाम संसोधन तो कभी राशन कार्ड बनवाने के लिए तो कभी जल कर की राशि जमा करने के लिए लोग ग्राम पंचायत जाते है। तो कभी अनापत्ति प्रमाण पंत्र के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंचना पड़ता है तो कभी अचानक किसी वार्ड में कुत्ता या बिल्ली मर जाये तो उसकी सूचना ग्राम पंचायत सचिव व सरपंच को दी जाती है। ऐसे ही



अनेकों काम ग्राम पंचायत गगई रैयत से आमजन को सुविधा उपलब्ध होना चाहिए, मगर इसके विपरीत ही ग्राम पंचायत गगई रैयत चल रही है। अभी वर्तमान में वार्ड क्रमांक 4 में नाली बनना है और नयी पुलिया डलना है और सीसी रोड बनाया जाता है जो एक वर्षो से आवेदन देकर ग्राम पंचायत में लंबित पड़ा हुआ है। जिसकी जानकारी जनपद तक के उपयंत्री और एसडीओ के पास है, मगर आज दिनांक तक ना रोड बनायी गई, ना ही नाली बनी और ना ही पुलिया बदली गई है। सवाल ये उठता है कि अब जिले की नवागत कलेक्टर संस्कृति जैन ग्राम पंचायत गगई रैयत का दौरा करे और ग्रामीणों की समस्या सुने। ऐसा ग्रामवासियों का कहना है। सचिव शिवानी सिगोतिया के हौसले बुलंद। जनप्रतिनिधि उनके सामने बौने साबित हो रहे है क्योकि आम नागरिक और वार्ड पंचों का फोन तक नहीं उठती। ना ही फान रिटर्न करती। इस वजह से अनेकों समस्याएं के लिए विवाद की स्थिति बन रही है। दर्जनों शिकायतें पूर्व में भी जिला कलेक्टर को की गई थी एवं जिला पंचायत में भी शिकायत पूर्व में करायी गई थी इसके बाद में अभी वर्तमान में कई ग्रामीणों ने 181 में शिकायत लगा रखे है। इन शिकायतों का निराकरण कब तक होगा यह जनचर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिला पंचायत सीईओ चौपाल लगाये और ग्रामीणों को समस्या से निजात दिला सके ऐसी जन अपेक्षा है। शिकायतकर्ता ग्रामवासी अजीत कुशवाहा, संतीश सेन, पवन आरसे, रंजीता उइके, विपिन बघेल, देवेन्द्र झारिया, अरविंद कटरे, रंजीत कुमार, राकेश ठाकरे, उपसरपंच नितिन कटरे, गोलू, गणेश सेन, जयप्रकाश विश्वकर्मा, नितिन सूर्यवंशी, अजीत सूर्यवंशी, विजय आरसे, अनिल यादव, संगीता भलावी आदि शामिल है।

#### ये क्या कहते है-

ग्रामीणों की जो भी समस्या है जनपद में शिकायत दे दे, मेरे पास दो जगह का प्रभार है, लखनादौन और छपारा। ग्रामीणों की समस्या बहुत जल्दी हल की जायेगी और सचिव को हटाने जिला पंचायत प्रस्ताव भेजा जायेगा, जांच करा लेता हूं मैं।
**के.के. रैकवार**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी छपारा**

# विद्यार्थियों के लिये बस सेवा का शुभारंभ 1 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज सिवनी। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के दृष्टिगत मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन किया गया है। इसके अंतर्गत स्नातक स्तर पर संगीत, बायोटेक्नोलॉजी एवं कम्प्यूटर साईंस तथा स्नातकोत्तर स्तर पर एम.एस.सी. कम्प्यूटर साईंस, एम.एस.सी. भौतिकशास्त्र, एम.ए. इतिहास, एम.ए. संस्कृत सत्र 2024 से प्रारंभ किये गये हैं तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रम के रूप में बी.कॉम.- बैंकिंग, फायनेंशियल सर्विसेस एंड इंश्युरेंश (बीएफएसआई) एवं बी.एड. पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जा रहे हैं। महाविद्यालय में मूलभूत अधोसंरचना का विकास एवं विस्तार के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों से अध्ययन के लिये आने वाले विद्यार्थियों के लिये छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यो के लिये 9.24 करोड़ रूपये की राशि का आवंटन प्राप्त हुआ है।
म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुक्रम में नवागत कलेक्टर श्रीमती संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जिला परिवहन अधिकारी सहयोग से अत्यंत अल्प समय में विद्यार्थियों के लिये बस सेवा का शुभारंभ 01 जुलाई 2024 से किया जा रहा है। इसके लिये सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं।

# कलेक्टर सुश्री जैन ने किया मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने शुक्रवार 28 जून को मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम निर्माण ऐजेंसी तथा संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। बैठक में मेडिकल कॉलेज के लिए पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश पीएचई तथा पीआईयू के अधिकारियों को दिए। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कॉलेज के आस-पास की शासकीय भूमि को आरक्षित रखने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा बैठक उपरांत संपूर्ण मेडिकल कॉलेज का अवलोकन भी किया गया। उन्होंने अध्यापन कक्ष, लायब्रेरी सहित मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों तथा छात्रावास का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, एसडीएम सिवनी सुश्री मेघा शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. नावकर सहित मेडिकल कॉलेज का स्टाफ, पीआईयू के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शासकीय विधि महाविद्यालय में मूटकोर्ट का आयोजन

# सेंशन ट्रायल का किया गया प्रस्तुतिकरण

**गिट्टी के ठेके की प्रतिर्स्पधा को लेकर दोस्त के हत्या करने के गंभीर मामले में कोर्ट में सुनवाई हुई अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीले सुनने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को साक्ष्य के अभाव में हत्या के अपराध से दोष मुक्त किया। फैसला सुनते ही कटघरे में खडे अभियुक्त खुशी से झूम उठे।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

दरअसल शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी में दिनॉक- 29/06/2024 दिन शनिवार को मूट कोर्ट का आयोजन प्राचार्य डॉ.राकेश चौरासे के मार्गदर्शन में किया गया। एल एल.बी. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियो द्वारा प्रकरण विजय बसूले व अन्य विरूद्ध म.प्र. शासन 2023 के मामले को मूटकोर्ट में मंचन किया गया। उक्त प्रकरण में विचारणीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त विजय बसूले व जगीरा को भारतीय दंड प्रक्रिया की धारा 302, 120 बी, 201 के अंतर्गत अपराध का विचारण किया। विधि के विद्यार्थियों ने सेंशन ट्रायल का प्रस्तुतिकरण किया न्यायाधीश की भूमिका में अंबिका तिवारी, सरकारी अधिवक्ता में शेख अमन, निक्की याद्व, कमलेश कुशराम, नवीन बधेल, बचाव पक्ष की भूमिका में शिवानी बधेल, ज्योति धुर्वे, मनीष बधेल, सृष्टि नाग कोर्ट अधिकारी में अंजली बधेल, दीपाली कटरे, सोनाली भांगरे, शपथ अधिकारी



शिवानी बधेल पुलिस अधिकारी पंकज बंदेवार डॉक्टर की भूमिका अतीन्द्र दिवाकर, संजना बधेल अन्य पात्र प्रगिता गोमेश्वर, आदित्य पाठक, पूनम दमाहे, अमित रजक, विजय भलावी, सुशील कंगाली, प्रमोद साहू, मुस्कान अग्रवाल, अश्वनी उइके, माधुरी डहेरिया, सारथी पटले, ब्रजेश पूसाम किरदार निभाया। कार्यक्रम का शुभांरभ दीप प्रज्वलन से हुआ मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना और शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग, डॉ. अरविन्द चौरसिया, डॉ. एम.सी. सनोडिया ने किया। राजेश कुमार सक्सेना ने लॉ छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए विधि के क्षेत्र में उद्देश्य निर्धारित कर अपने कैरियर को आगे बढाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने कहा कि विधि के छात्र को जीवन में हमेशा अध्ययनशील रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. राकेश चौरासे ने कहा कि मूटकोर्ट का आयोजन करने उद्देश्य विधि छात्रों को न्यायालीन कार्यवाहियों में व्यवहारिक कुशलता का ज्ञान कराना है। साथ ही न्यायालय में प्रस्तुत होने का ढंग न्यायालयीन कार्यवाही में शिष्टाचार का ढंग बहस/जिरह करने का ढंग आदि की बातों को सिखाया जाता है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्रीमान नेतराम चौरसिया शासकीय अभिभाषक एवं अपर लोक अभियोजक सिवनी रहे महाविद्यालय स्टॉफ श्री रामेश्वर प्रसाद शिववेदी, श्रीमति अर्चना पाठक, श्री शंकर शंभू सोनी, श्री राकेश बरदिया, श्री के.सी. बापू राउर, श्री राहंगडाले, श्री के.के.बरमैया, किशोर आत्मपूज्य, श्री हिमांशु श्रीवास्तव, कमलेश ठाकुर, कपिल डागोरिया, विनोद डहेरिया, विजेन्द्र हेडाऊ आदि उपस्थित रहे।

#### इन्होनें निभाई भूमिका-

न्यायाधीश-कुमारी अंबिका तिवारी, सरकारी अधिवक्ता- शेख अमन, निक्की यादव, कमलेश कुशराम, नवीन बधेल, बचाव अधिवक्ता- मनीष बधेल, सृष्टि नाग, शिवानी बधेल, ज्योति धुर्वे, स्टेनो-अंजली बधेलकोटे मोहर्रिर-संदीप साहू, शपथदात्री-शिवानी बधेल, सहायक-दीपाली कटारे विवेचक-पंकज बंदेवार, गवाह- पूनम दमाहे, अमित रजक, ब्रजेश पूसाम, आदित्य पाठक, प्रगिता गोमेश्वर, विजय कुमार भलावी, अतीन्द्र दिवाकर, संजना बधेल, अभियुक्त- सुशील कंगाली, प्रमोद कुमार साहू कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ.राकेश चौरासे ने मुख्य अतिथि/छात्र-छात्राओं एवं सफलतापूर्वक कार्यक्रम का संचालन करने के लिए नवीन बधेल का आभार व्यक्त किया।

# शासकीय प्राथमिक शाला हड्डी गोदाम में भरा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले में मानसून की बारिश शुरू हो चुकी है जिसके चलते शहरी क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर लगभग तीन घंटे हुई बारिश में शासकीय स्कूलों की व्यवस्थाओं की कलई खोल कर रख दी है। स्कूल परिसर से लेकर स्कूल के अध्ययन कक्ष, कार्यालय में पानी ही पानी भरा रहा। एक और शासकीय स्कूलों में दर्ज संख्या बढ़ाने का जोर दिया जा रहा है तो वही शासकीय स्कूलों की ऐसी दुर्दशा देख अभिभावक अपने बच्चों को ऐसे स्कूलों में दाखिला कराने से कतरा रहे हैं। जिसके चलते स्कूलों में दर्ज संख्या में जहां कमी बनी हुई है वही जो बच्चे पढ़ने आ रहे हैं उनकी पढ़ाई भी नहीं हो पा रही है।
शहर के बीचो-बीच स्थित प्राइवेट बस स्टैंड के पीछे भगत सिंह वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला हड्डी गोदाम सिवनी के छोटे से परिसर में दो स्कूल लग रहे हैं। इन दोनों स्कूलों के कमरों, कार्यालय, बरामदे व परिसर खेल मैदान में शुक्रवार को हुई जरा सी बारिश होने पर सभी जगह पानी ही पानी भर गया था। स्कूलों का सामान डेक्स, बेंच में रखना पड़ा। यहां पदस्थ शिक्षिकाएं भी खासी परेशान नजर आई।



#### कई वर्षो से भर रहा पानी

हड्डी गोदाम स्थित शासकीय स्कूल परिसर में बस स्टैंड के ऊपरी इलाकों में बारिश का पानी निचले क्षेत्रों में भरता है। जिसके चलते स्कूल परिसर भी लबालब भर जाता है। वही स्कूल के सामने नाली तो बनी है लेकिन बारिश का पानी स्कूल परिसर से नाली में नहीं जा पता है। जिसके चलते पानी भरा रहता है। हर बरसात में यही समस्या कई वर्षो से बनी रहती है। इसकी जानकारी नगर पालिका प्रशासन समेत जनप्रतिनिधियों को कई बार दी जा चुकी है लेकिन विद्यार्थियों के हित के लिए शासन-प्रशासन किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री का बालाघाट हेलीपेड पर स्वागत



**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का बालाघाट पुलिस लाइन मैदान पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और एसपी श्री समीर सौरभ ने स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां पुलिस विभाग के अलंकरण समारोह व कृषि विभाग के श्री अन्न उत्सव व किसान सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए पहुँचे। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने बालाघाट के जनप्रतिनिधियो के साथ पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सांसद श्रीमती भारती पारधी, कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी, पूर्व मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे के साथ बेलपत्र का पौधा लगाया।

### 88 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को प्रदान की निशुल्क एमआर किट

**बालाघाट।** शुक्रवार को राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार सिकंदराबाद के द्वारा सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास बालाघाट में जिले के चिन्हित एसटी एससी वर्ग के 88 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को निशुल्क एम.आर किट प्रदान की गई। इस किट वितरण कार्यक्रम में सिकंदराबाद से आई डॉक्टर सुनीता देवी व्याख्याता पुर्नवास मनोवैज्ञानिक कुमारी रूपाली यादव विशेष शिक्षक ने सम्पूर्ण किट को दिव्यांग बच्चों के पालकों को किट की उपयोगिता के बारे में सविस्तार से समझाया। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक डॉ. एम के शर्मा, एपीसी श्री श्रीष थानथराटे, समस्त विकासखण्ड के एमआरसी उपस्थित रहे।

### हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ विमेन के अंतर्गत 100 दिवसीय जागरूकता अभियान कार्यक्रम

**बालाघाट ।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रशांत सिंह ठाकुर व नोडल अधिकारी श्रीमति दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। ।जिसके अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय बेटी बचाओं, बेटी पढाओं सप्ताह में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या विद्यालय बैहर, शासकीय हाईस्कूल बोदा, कम्पाउंडर टोला बैहर, में वन स्टॉप सेंटर बैहर के केस वर्कर श्रीमति प्रीति हरिनखेडे, श्रीमति संध्या चौधरी, अधिवक्ता विजेता राउत के द्वारा मिशन शक्ति के सभी घटकों, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, शक्ति सदन, पालना, पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई।

#### 4290 रुपए प्रति क्विंटल कोदो खरीदेगी भारत सरकार

# मिलेट्स हमारी सांस्कृतिक विरासतः डॉ. यादव

## रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना में मिलेट्स उत्पादन प्राथमिकता



**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कोदों- कुटकी हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इस विरासत का बालाघाट जिले में इतिहास 3 हजार वर्ष पुराना इतिहास है।बालाघाट सिर्फ वन्यजीव, वन, खनिज संसाधनों के लिए ही नहीं जाना जाता है। इसकी पहचान यहां उत्पादित होने वाले मोटे अनाज से भी है। शासन मोटे का उत्पादन और संवर्धन करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। अब रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना संवर्धन और उत्पादन की दिशा में कार्य करने के साथ ही। किसानों को अधिक मुनाफा देने के लिए शासन द्वारा 1 हजार रुपये का अनुदान किसानों को दिया जा रहा है। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा इस वर्ष कोदों 4290 रुपये समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा भी की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासन के प्रयासों से मिलेट मिशन में श्री अन्न फसलों का लगातार बढ़ रहा है। बालाघाट में ही यह रकबा 10 हजार हेक्टेयर होता था। अब इसका रकबा 15200 हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को बालाघाट में श्री अन्न उत्सव व किसान सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। अब किसान अन्न उत्पादन के साथ ही ऊर्जा उत्पादक भी बनेंगेमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को श्रीअन्न उत्सव व किसान सम्मान समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन अब सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने की ओर बढ़ रही है। इसमें किसानों बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रदेश के किसान को अन्न उत्पादन के साथ ही बिजली उत्पादक भी बनाया जाएगा। केंद्र और राज्य शासन मिलकर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए किसान सम्मान निधि की राशि प्रदान कर रही है। केंद्र द्वारा प्रति वर्ष 80 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में 25 हजार करोड़ रुपये प्रदान कर रही है। वहीं राज्य शासन सीएम किसान कल्याण योजना में प्रतिवर्ष 12 हजार 500 करोड़ रुपये सीधे पात्र किसानों के खातों में अंतरित कर रही है। उन्होंने कहा कि बालाघाट में जल संरचनाओं के संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए है। इसके लिए बालाघाट के कार्यो का दस्तावेजीकरण भी किया जाएगा।

### आयुष्मान योजना में बीमार व्यक्ति के उपचार के लिये होगी एयर एम्बुलेंस की सुविधा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब आयुष्मान कार्डधारी बीमार व्यक्ति को अगर ईलाज के लिये दूसरे शहर जाने की आवश्यकता है तो इसके लिये चिकित्सक, नर्स और उन्नत मेडिकल उपकरणों के साथ ही एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था भी निशुल्क करायी जायेगी। साथ ही बिना आयुष्मान कार्डधारी जरुरतमंद व्यक्तियों को रियायती दर पर सुविधा का भी लाभ दिया जायेगा। अब तक जबलपुर, ग्वालियर और रीवा जैसे शहरों में एयर टैक्सी की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। इस तरह की व्यवस्था प्रदेश में ऐसे शहर जहां हवाई पट्टी की सुविधा है वहां से एयर टैक्सी का संचालन शीघ्र किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 20 जुलाई को जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगा जिससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। जो रोजगार की दिशा में यह उल्लेखनीय कदम होगा। उन्होंने कहा कि धर्मस्य विभाग द्वारा उन स्थलों को चिन्हांकित किया जायेगा जहां-जहां से भगवान श्री राम और श्री कृष्ण का प्रदेश में गमन हुआ है। उन स्थलों पर पर्यटन की दृष्टि से कार्य कर तीर्थ के रूप में विकसित करने का कार्य किया जायेगा।



### मिलेट्स पर आधारित प्रदर्शनियों की मुख्यमंत्री ने की प्रसंशा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इतवारी बाजार स्थित कृषि मंडी में आयोजित श्री अन्न उत्सव व किसान सम्मान समारोह के प्रारंभ में मिलेट्स पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा भी की। साथ ही उन्होंने प्रदर्शनी की प्रसंशा करते हुये किसानों का उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान उन्होंने आजीविका मिशन के 855 स्व सहायता समूह को 2728.61 लाख रुपये का केश क्रेडिट लिमिट का प्रतिकात्मक चेक भी प्रदान किया। यह चेक स्व सहायता समूह की दीदी श्रीमती सुनिता राउत और श्रीमती केशवंती राणा को प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मिलेट्स के बारे में समूह की दीदीयों से चर्चा कर बैहर विकासखंड के शहद पर विशेष प्रतिक्रिया दी। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्रीमती भारती पारधी, कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी, लांजी विधायक श्री राजकुमार कर्राहे, पूर्व मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन व रामकिशोर कावरे तथा नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर उपस्थित रहे। अधिकारियों में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी श्री समीर सौरभ, जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा, एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने नक्सली ज़हर के बीज को उखाड़ फेंकने का पराक्रम दिखायाः सीएम डॉ. यादव




**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रकति ने बालाघाट को विशेष वरदान दिया है। स्वर्ग जैसी भूमि पर नक्सली गतिविधियां कतई बर्दाश्त नही की जाएगी। इसका नमूना इसी वर्ष हॉकफोर्स के जवानों ने 1 अप्रैल को लांजी के पितकोना क्षेत्र में दिखाया है। हॉकफोर्स और पुलिस के जवानों ने अपनी सक्रियता से नक्सली ज़हर के बीज को उखाड़ फेंकने में अपना शौर्य और पराक्रम दिखाया है। आज का दिन वास्तविक अर्थो में ऐतिहासिक दिन के साथ ही भारत माता को गौरवान्वित करने का भी दिन है। आज का दिन शौर्य,साहस, हिम्मत और पराक्रम को सार्थक करने वाले जवानों के सम्मान का दिन है। धन धान्य व भूगर्भ संपदा से परिपूर्ण भूमि पर नक्सली / मावोवादी ताकतों की नजर रही है। ऐसी ताकतों पर पुलिस का यह कड़ा प्रहार भी है। मुख्यंमंत्री डॉ.यादव आज बालाघाट में पुलिस विभाग के अलंकरण समारोह में सम्बोधित कर रहें थे। यह आयोजन हॉकफोर्स व पुलिस जवानों का क्रम से पूर्व प्रमोशन के लिए आयोजित किया गया था।

### 5 वर्षो में 3 करोड़ 5 लाख के ईनामी नक्सलियों पर प्रहार

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने नक्सली गतिविधियों पर अब तक हुई कार्यवाहियों के बारे में कहा कि पिछले 5 वर्षों में हॉकफोर्स और पुलिस के जवानों ने 19 नक्सलियों को मार गिराया है। जिन पर विभिन्न प्रदेशों में 3 करोड़ 5 लाख रुपये के ईनाम घोषित थे। यह कार्यक्रम उन जवानों को याद व सम्मानित करने का भी दिन है। जिन्होंने ने ड्यूटी पर रहकर शहादत दी है। साथ ही क्रम से पूर्व प्रमोशन का आयोजन है। सरकार उन सभी के साथ खड़ी है, जो हिम्मत और साहस के बल पर शासन का मान बढ़ाया है।

### भारत विश्व में तीसरा देश जो दुश्मनों के देश मे घुसकर जवाब दे रहा है

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व का ऐसा तीसरा देश बन गया है। जो अपने देश में ही नहीं बल्कि दुश्मनो के देश की सीमाओं में घुसकर दुश्मनों को खत्म करने की ताकत रखता है। इजराइल और अमेरिका के बाद भारत तीसरा देश है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचीय कार्यक्रम के पश्चात पुलिस जवानों के परिजनों के साथ समय बिताया। उन्होंने बच्चों को लाड़, प्यार व दुलार करते हुये जवानों के माता-पिता व दादा-दादी से आशीर्वाद लिया। साथ ही पुरे परिजनों के साथ एक-एक टेबल पर जाकर फोटो भी खिंचवाये। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने स्वागत सम्बोधन में आयोजित रूपरेखा बतायी। साथ ही डीजीपी श्री सुधीर सक्सेना ने 1 अप्रैल 24 को लांजी में घटित हुई नक्सली घटना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होनें कहा कि 32 वर्षो में पहली बार 1 अप्रैल को बढ़ी जवाबी कार्यवाही हुई, जिसमें 2 हार्डकोर नक्सली मारे गये। वहीं एके-47 रायफल जैसे घातक हथियार जब्त किये गये।

### कार्यक्रम के दौरान इनकी रही उपस्थिति

हॉकफोर्स और पुलिस जवानों के अलंकरण समारोह में सांसद श्रीमती भारती पारधी, कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी, लांजी विधायक श्री राजकुमार कर्राहे, बैहर विधायक श्री संजय उइके, परसवाड़ा विधायक श्री मधु भगत, वारासिवनी विधायक श्री विक्की पटेल, पूर्व मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन व रामकिशोर कावरे तथा नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर उपस्थित रहे। अधिकारियों में आईजी श्री संजय कुमार, डीआईजी श्री मुकेश श्रीवास्तव, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

## 'डॉक्यूमेंट विजन' विधायक ने अफसरों के साथ की बैठक



**कटंगी।** विधानसभा क्षेत्र कटंगी-खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी ने जनपद पंचायत कटंगी के सभागार दोनों ही तहसील क्षेत्र कटंगी और तिरोड़ी के अधिकारियों के साथ डॉक्यूमेंट विजन को लेकर बैठक की. बैठक में एडीएम मधुवंत राव धुर्वे, कटंगी तहसीलदार छवि पंत, तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले और लगभग सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी शामिल रहे. बैठक में विधायक ने सबसे पहले विभागवार कार्यों की समीक्षा की और आवश्यकता अनुसार दिशा-निर्देश और सुझाव दिए. विधायक ने बैठक में क्षेत्र में बरसात के मौसम और कृषि क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों को पूरी तैयारी के साथ सतर्क रहने के निर्देश दिए और यह सुनिश्चित किया सभी विभाग संभावित समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह से तैयार रहें. विधायक ने अधिकारियों से कहा कि भविष्य के लिए कटंगी-खैरलांजी विधानसभा का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है. इस महत्वपूर्ण दस्तावेज के निर्माण के लिए सभी विभागों के अधिकारियों के सुझाव भी आमंत्रित है. विधायक ने अधिकारियों से कहा कि यह उद्देश्य है कि कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें और उनका जीवन स्तर ऊंचा हो. इस बात को ध्यान में रखते हुए डॉक्यूमेंट विजन एक महत्वपूर्ण कदम है.

# आलेझरी में वन हेल्थ वन वेलफेयर प्रैक्टिस कैंप का हुआ सफल आयोजन

**बालाघाट।** जिले के वारासिवनी विकासखंड के ग्राम आलेझरी में वन हेल्थ वन वेलफेयर प्रैक्टिस कैंप का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मत्स्य पालन विभाग बालाघाट के सहयोग एवं नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर जिले के 5 मछुआ सहकारी समिति के मछलीपालक, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, मत्स्य पालन विभाग बालाघाट से श्री विजय कुमार मेश्राम एवं अन्य सहभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य तकनीकी संसाधन व्यक्ति के रूप में डॉ. एस के महाजन, डीन कॉलेज ऑफ फिशरी साइंस, जबलपुर का योगदान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम समायु के वन हेल्थ वन वेलफेयर का एक सतत प्रयास है जिसमें बालाघाट, मध्यप्रदेश के सहकारी समिति के मछलीपालकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया और उन्हें तालाब के मुख्य लिमनोलॉजिकल पैरामीटर्स के स्तर की जांच करने के लिए विभिन्न एक्वाकल्चर किट्स के उपयोग के बारे में लाइव प्रदर्शन जबलपुर से शोधकर्ता के रूप में श्री अक्षय गौतम के द्वारा किया गया। जिसमे विघटित ऑक्सीजन, पीएच, इलेक्ट्रिक कंडक्टिविटी, टीडीएस, अमोनिया आदि शामिल थे। इन पैरामीटर्स की महत्वपूर्णता मछली के अच्छी जीवन शर्तों, पर्यावरणीय सुरक्षा और स्थायीत्व के लिए अधिक महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में शामिल सभी 5 सहकारी समिति को वाटर टेस्टिंग किट भी समायु संस्था द्वारा प्रदान की गई। समायु संस्था नई दिल्ली से डॉ. देबज्योति चटर्जी और श्री अंकुश श्रीवास्तव केंद्रीय आयोजक थे और बालाघाट के सहयोगी संस्था ग्रामीण आंचलिक कृषक समाज समिति की तरफ से श्री राजकुमार लिल्हारे ने सहयोग प्रदान किया।

### आलेझरी में वन हेल्थ वन वेलफेयर प्रैक्टिस कैंप का हुआ सफल आयोजन

**बालाघाट।** जिले के वारासिवनी विकासखंड के ग्राम आलेझरी में वन हेल्थ वन वेलफेयर प्रैक्टिस कैंप का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मत्स्य पालन विभाग बालाघाट के सहयोग एवं नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर जिले के 5 मछुआ सहकारी समिति के मछलीपालक, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, मत्स्य पालन विभाग बालाघाट से श्री विजय कुमार मेश्राम एवं अन्य सहभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य तकनीकी संसाधन व्यक्ति के रूप में डॉ. एस के महाजन, डीन कॉलेज ऑफ फिशरी साइंस, जबलपुर का योगदान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम समायु के वन हेल्थ वन वेलफेयर का एक सतत प्रयास है जिसमें बालाघाट, मध्यप्रदेश के सहकारी समिति के मछलीपालकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया और उन्हें तालाब के मुख्य लिमनोलॉजिकल पैरामीटर्स के स्तर की जांच करने के लिए विभिन्न एक्वाकल्चर किट्स के उपयोग के बारे में लाइव प्रदर्शन जबलपुर से शोधकर्ता के रूप में श्री अक्षय गौतम के द्वारा किया गया।

# धनकोषा पंचायत में नहीं होगा कामकाज



**कटंगी।** सांसद, विधायक, जिला पंचायत और जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से कई बार नए पंचायत भवन की स्वीकृति की मांग करने के बावजूद अब तक नए पंचायत भवन की स्वीकृति नहीं मिलने से नाराज जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत धनकोषा सरपंच श्रीमती शीला मड़ावी ने शनिवार को साफ कर दिया है कि अब पंचायत में किसी भी तरह के कामकाज नहीं होगें. अब जब तक पंचायत की नई इमारत स्वीकृत होकर भवन का निर्माण नहीं होता तब तक पंचायत से जुड़े किसी भी तरह के कामकाज कर पाना मुश्किल है. सरपंच ने बताया कि करीब 40 साल पुराना पंचायत भवन काफी पहले जर्जर हो चुका था. विभाग के अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों को एक नहीं बल्कि अनेक बार पत्र लिखकर नए भवन की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई लेकिन सभी से सिर्फ आश्वासन ही मिला. उन्होंने बताया कि बीते दिनों तेज बारिश और आंधी तूफान की वजह से पंचायत भवन की छत उड़ गई और पंचायत के भीतर रखी तमाम सरकारी संपत्ति को नुकसान हुआ. जिसकी जानकारी भी अधिकारियों को दी गई. बावजूद इसके अफसरों ने पंचायत की स्थिति को गंभीरता से नहीं मिला. ऐसे में अब इस साल बारिश के दिनों में पंचायत में बैठ पाना मुश्किल है. ऐसे में एक मात्र विकल्प पंचायत भवन को इसी हालत में छोड़कर कामकाज बंद करना बच गया था और पंचायत प्रतिनिधियों की सर्वसहमति से फैसला लिया गया है कि अब पंचायत से जुड़े कामकाज नहीं किए जाएगें. करीब 40 साल पहले बना धनकोषा का पंचायत भवन इन दिनों अपनी आखिरी सांसे गिन रहा है. बरसात के इस मौसम में पंचायत में बैठना अपनी जान को जोखिम में डालने के जैसा है. पंचायत भवन जर्जर होने से ग्राम पंचायत की बैठक करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ेगा. इससे विकास योजना तैयार करने में परेशानी आएगी. इसे ध्यान में रखते हुए पंचायत सरपंच और पंचों एक राय होकर फैसला किया है कि पंचायत से जुड़े कामकाज नहीं किए जाएगें. शायद ऐसा करने से शासन-प्रशासन गहरी नींद से जागेगा और जर्जर पंचायत भवन के स्थान पर नया पंचायत भवन के निर्माण को स्वीकृति मिले. दरअसल, पंचायत सरपंच ने कई बार जनपद और जिला पंचायत के अधिकारियों से मांग की लेकिन ध्यान न दिए जाने से सरपंच-सचिव और ग्रामीण परेशानी झेलने को विवश हैं. गौरतलब हो कि करीब दो माह पहले की बेमौसम तेज बारिश और आंधी-तूफान से पंचायत के भवन की छत उड़ गई थी और बारिश के पानी से पंचायत का कम्प्यूटर, फोटो कॉपी मशीन सहित अन्य बिजली के उपकरण सब बर्बाद हो चुके है. निश्चित तौर पर पंचायत ने जो फैसला किया है उससे गांव की जनता को अब सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ कैसा मिलेगा. इस पर सवाल खड़ा हो रहा है. चूंकि पंचायत सरपंच ने साफ कर दिया है कि उनके पास पंचायत संचालित करने के लिए अन्य कोई भवन नहीं है. पंचायत में कामकाज ना होने से ग्रामीणों को भटकना पड़ेगा. सरपंच और पंचों का तो ठीक है वह गांव में ही अपने घरों में रहेंगे. मगर, पंचायत सचिव के लिए कई तरह की परेशानियां खड़ी हो सकती है. पंचायत सचिव पर तो कामकाज का दबाव बना ही रहेगा. मगर, वह बिना पंचायत भवन के कहां और कैसे काम करेगा. यह सवाल खड़ा हो गया है.

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
B.Tech. & Polytechnic
4 Year Degree
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com